मेरा भारत युवा सम्मेलन

केन्द्रीय युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि युवा राष्ट्र की सच्ची शक्ति हैं और विकसित भारत के सपने को साकार करने वाली प्रेरक शक्ति हैं। नई दिल्ली में आयोजित मेरा भारत युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो भारत को विश्व के सबसे युवा देशों में से एक बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार राष्ट्र निर्माण और भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लक्ष्य की दिशा में युवाओं की ऊर्जा और क्षमता को सही दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

शपथ

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गयी। शिमला के बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई जिसमें सभी 25 वार्डों के सदस्य शामिल रहे। इधर सोलन में आयोजित समारोह में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जिला परिषद सदस्यों को जबकि उपमंडलाधिकारी डॉक्टर पूनम बंसल ने पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलाई। उधर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में सभी 17 वार्डों के नवनिर्वाचित सदस्यों को उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सदस्यों से विस्तृत चर्चा के बाद जल्द अगली बैठक निर्धारित की जाएगी, जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

इधर धर्मशाला विकासखंड की पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को एसडीएम मोहित रतन ने पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। इस बीच कुल्लू जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को उपायुक्त अनुराग चन्द्र शर्मा ने एक समारोह में शपथ दिलाई। इस दौरान सभी सदस्यों ने कुल्लू जिला के विकास को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

राज्यपाल

अखिल भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष व प्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौड़ और संघ की उपाध्यक्ष रेखा गौड़ ने आज लोक भवन शिमला में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रोहिताश्व गौड़ ने राज्यपाल को अखिल भारतीय कलाकार संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 71वीं वार्षिक अखिल भारतीय नाटक एवं नृत्य प्रतियोगिता का आज से शिमला में शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि 10 जून तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में देशभर से हजारों कलाकार भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान कुल 27 नाट्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे, और लगभग 260 नृत्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। राज्यपाल ने संघ द्वारा नाटक, नृत्य और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रीय पुरस्कार

नई दिल्ली में प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद लाहौल–स्पीति की शांशा पंचायत के प्रधान प्रशांत के लाहौल पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस पंचायत को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

लाहौल–स्पीति की शांशा पंचायत को सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली में प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आज पंचायत प्रधान प्रशांत के लाहौल पहुंचने पर अटल टनल के उत्तरी द्वार पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पारंपरिक खतक पहनाकर सम्मानित किया गया।पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर थिरकते हुए जश्न मनाया। इसके बाद शांशा गांव पहुंचने पर सभी ग्रामीणों ने पुनः लाहौली परम्परा के अनुसार स्वागत एवं सत्कार किया। शांशा पंचायत की इस सफलता ने लाहौल–स्पीति और हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

————————————————————